# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 29 अक्टूबर, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना शिकारपुर**

## लूट की घटना में वांछित बदमाश से थाना शिकारपुर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा,कारतूस व चोरी की बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 28/29.10.2025 को थाना शिकारपुर पुलिस रात्रि गश्त,संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की शिकारपुर/खुर्जा रोड पंचगई गेट पर चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर संदिग्ध व्यक्ति बदशाहपुर पचगई की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुका तथा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से मोड़कर भागने लगा पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान अरुण कुमार पुत्र बाबू निवासी झण्डा मुशर्रफपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ के रुप में हुई हैं, घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा,कारतूस व चोरी की बाइक बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरा हैं जिसके द्वारा अपने 02 अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 17.06.2025 को थाना शिकारपुर क्षेत्रान्तर्गत बाइक लूटकर ले जाने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना शिकारपुर पर मु0अ0सं0-212/2025 धारा 309(4), 317(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। जिसमें एक अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. अरुण कुमार पुत्र बाबू निवासी झण्डा मुशर्रफपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़।

**बरामदगी-**

1- 01 बाइक स्प्लेन्डर चोरी की (बिना नम्बर प्लेट)

2- 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा, 01 खोखा कारतूस

3- पूर्व में लूटी गई बाइक के दस्तावेज

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना शिकारपुर पर मु0अ0सं0 416/2025 109(1)/317(5) बीएनएस व 9/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## अभियुक्त अरूण कुमार का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 212/2025 धारा 309(4), 317(2) बीएनएस थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर।
2. मु0अ0सं0 416/2025 109(1)/317(5) बीएनएस व 9/25/27 आयुध अधि0 थाना जनपद शिकारपुर बुलन्दशहर।
3. मु0अ0सं0 0419/2025 धारा 127(2), 309(4), 317(2), 351(2), 352, 61(2) बीएनएस थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्ध नगर।

## गिरफ्तार करने वाली थाना शिकारपुर पुलिस टीम-

1- श्री चन्दगीराम प्रभारी निरीक्षक थाना शिकारपुर।

2- उ0नि0 नईम अख्तर, उ0नि0 अमन कुमार, उ0नि0 गौरव कुमार, उ0नि0 वीकेश कुमार, उ0नि0 वीकेश कुमार

3- है0का0 उपेन्द्र वर्मा, का0 बलदेव सिंह, का0 कुलदीप, का0 विशाल कुमार।









**मीडिया सेल बुलंदशहर**